an>

Title: Need to take steps to provide toilet facilities in ladies compartment in local trains.

श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण) : सभापति महोदय, एक महत्वपूर्ण विषय यह है कि मुंबई में ट्रेन में रोज लगभग 75 लाख यात्री यात्रा करते हैं, उनमें से 30 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं होती हैं। दुर्भाग्यवश अगर कोई हादसा हो या खासकर मानसून में जब पानी भरता है, गाड़ियां दो स्टेशन्स के बीच रुक जाती हैं, ऐसी स्थिति में महिलाओं, खासकर प्रेग्नेंट महिलाओं एवं एजेड महिलाओं की हालत बहुत बुरी हो जाती है, वे ट्रेन से जम्प भी नहीं मार सकतीं क्योंकि पानी भरा रहता है। मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से मांग है कि रेल की जो लोकल ट्रेन्स हैं, उनमें महिला डिब्बों के लिए खासकर टॉयलेट की व्यवस्था करें। यही मांग मैं आपके माध्यम से कर रहा हूं। धन्यवाद।